(ख) मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन और देवास जिलों में किन-किन स्थानों पर रसोई गैस की कितनी-कितनी एजेंसियां हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार) : (क) मध्य प्रदेश सहित राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में एलपीजी एजेंसियों को खोलने संबंधी प्रस्ताव नियमित रूप से प्राप्त होते रहते हैं । तेल कम्पनियों विपणन सर्वेक्षणों के आधार पर और एल पी जी की उपलब्धता की स्थिति पर विचार करने के पश्चात ऐसे स्थानों को विपणन योजनाओं में शामिल करती है ।

(ख) मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में 21, उज्जन में 9 तथा देवास में 3 एल0पी0जी0 डिस्ट्रीब्यूटरशिपें हैं जो निम्नानुसार हैं:–

जिला इंदौर	
इंदौर	18
महोव	3
जिला उज्जैन	
उज्जैन	6
कछरोड	1
नागदा	1
मंदिदपुर	1
देवास	3

कुम्भ मेले के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की पूर्ति

1269. **श्री राधाकिशन मालवीय** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि अप्रैल, 1992 में मध्य प्रदेश में उज्जैन में कुंभ मेला, सिंहस्थ पर्व के अवसर पर पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की पर्याप्त पूर्ति करने के लिये सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्था का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार) : आपूर्ति, उत्पाद की उपलब्धता और जरूरत पर निर्भर करेगी ।

Supply of Gas to Ahmedabad and Surat Cities

1270. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURA! GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have received a proposal frcm the Gu.irjat Government for supplying gas to Ahmedabad city and Surat through pipeline ; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS WITH ADDITIONAL CHARGE OF MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFFNC" (SHRI S. KRISHNA KUMAR) : (a) Yes, Sir.

5 (b) An allocation of .3 million standard cubic metres per day of gas has been made for distribution in Surat city. Subsequent requests for allocation of .7 million standard cubic metres per day of gas for Surat City and 2.7. million standard cubic metres per day of gas for Ahmedabad city have been made by the Government of Gujarat. Considering tHe present availability and commitments of gas, it has not been possible to make further allocation of gas.

गंज बासौदा में गैस एजेंसी का खोला जाना

1271. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश की गंज बासौदा तहसील में एक और गैस एजेंसी खोलने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक खोले जाने की संभावना है ?